कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री चेतन पुत्र किशोर सैनी निवासी ग्राम जेलमपुरा ग्राम पंचायत खाज़वास तहसील लवाण जिला दौसा राजस्थान 303004

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी लवाण जिला दौसा

अपील संख्या 55/2024

निर्णय

दिनांक 08.11.2024

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी लवाण से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी लवाण को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी लवाण को इस कार्यालय के पत्र कमांक:डीएम कोर्ट/2024/3355 दिनांक 8.10.2024 द्वारा पत्र जारी कर अपीलांट को वांछित नकल उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट चाही गई। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी लवाण ने पत्र कमांक: आर.टी.आई./2024/1961 दिनांक 07.11.2024 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से पत्र कमांक: 1818 दिनांक 27.09.2024 को अवगत करा दिया गया है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार

Devendra

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.10.01 10:28:37 IST
Reason: SelfAttested